महत्वपूर्ण/समय-सीमा

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
"मंत्रालय"
वल्लभ भवन, भोपाल—462004

क्रमांक एफ.-11 (19)/97/1/10 — भोपाल, दिनांक 27 मई 1997

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश.

विषय.—लोकायुक्त संगठन/राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा अनुशंसित अभियोजन के प्रकरणों से संबंधित शासकीय/अर्द्ध शासकीय कर्मचारियों की पदस्थापना.

संदर्भ.—सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ.-11/38/94/1-10, दिनांक 19-12-94 एवं ज्ञापन क्रमांक एफ.-11 (19)/97/1/10, दिनांक 19-5-97.

शासन की जानकारी में आया है कि अभी भी ऐसे अनेक अधिकारी/कर्मचारी फील्ड पदों पर या संवेदनशील पदों पर पदस्थ हैं, जिनके विरुद्ध लोकायुक्त संगठन/राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की सिफारिश पर अभियोजन या विभागीय जांच की कार्यवाही विचाराधीन है, या आदेशित की गई है.

2. उपरोक्त स्थिति को गंभीरतापूर्वक लेते हुए शासन द्वारा पुनः निर्देशित किया गया है कि ऐसे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को फील्ड पदों से तथा संवेदनशील पदों से स्थानान्तर कर गैर संवेदनशील पदों पर पदस्थापना की जाये. यह कार्रवाई एक माह के अंदर पूर्ण कर उसकी सूचना सामान्य प्रशासन विभाग को भेजी जाये.

3. सभी प्रमुख सचिवों/सचिवों/विभागाध्यक्षों के अपेक्षा है कि वे अपने स्तर पर इसकी समीक्षा कर निर्धारित समयावधि में इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे. उनसे यह भी अपेक्षा है कि भविष्य में इन निर्देशों के विपरीत पदस्थापनाएं नहीं की जायेंगी.

हस्ता./
(गोपाल शरण शुक्ल)
अपर मुख्य सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.